# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद

(पूर्व – म.प्र. राज्य ओपन स्कूल)
स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755-2559943
Fax No. : 0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/परीक्षा2015/ 115 भोपाल, दिनांक 28-2-2015

प्रति,

आयुक्त,
लोक शिक्षण म.प्र.
भोपाल

विषय : श्री संतोष खांडेकर, प्राचार्य शा. हाईस्कूल बेनी जिला बालाघाट के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने विषयक।

---------//00//----------

कृपया विषयांतर्गत निवेदन है कि म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा नवम्बर 2014 की आयोजित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट (37022) के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बालाघाट के पत्र दिनांक 10.11.2014 अनुसार श्री संतोष खांडेकर, प्राचार्य शा. हाईस्कूल बेनी, जिला बालाघाट को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

02. इस कार्यालय के पत्र दिनांक 07.01.2015 मे निर्देशानुसार दिनांक 08.02.2015 को कक्षा 10 वीं विषय हिन्दी (201) की परीक्षा पुनः भेजे गए प्रश्न–पत्र से आयोजित कराई जानी थी किन्तु इस विषय की परीक्षा केन्द्राध्यक्ष श्री संतोष खांडेकर के द्वारा पूर्व में प्रेषित प्रश्न–पत्र से संपन्न कराई गई एवं इसकी सूचना मानवीय त्रुटि का उल्लेख करते हुए उनके पत्र क्र./13/2015, दिनांक 10.02.2015 के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई है।

03. उपरोक्तानुसार नवीन प्रश्न–पत्र से परीक्षा आयोजित करने हेतु समुचित निर्देश दिये जाने के बाद भी केन्द्राध्यक्ष श्री संतोष खांडेकर के द्वारा उक्त त्रुटि की जाकर पूर्व के प्रश्न–पत्र से परीक्षा आयोजित कराई गई है जो श्री खांडेकर की घोर लापरवाही एवं गैरजिम्मेदाराना कार्य का द्योतक है। श्री खांडेकर के उक्त गैर जिम्मेदाराना कार्य एवं घोर लापरवाही के कारण उक्त विषय की दिनांक 08.02.2015 को आयोजित परीक्षा को निरस्त करते हुए पुनः उसी केन्द्र पर दिनांक 08.03.2015 को परीक्षा आयोजित कराना पड़ रही है।

अतः केन्द्राध्यक्ष, श्री संतोष खांडेकर, प्राचार्य शा. हाईस्कूल बेनी जिला बालाघाट के द्वारा उपरोक्त की गई घोर लापरवाही एवं गैर जिम्मेदाराना कार्य के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा करते हुए प्रकरण सूचनार्थ एवं समुचित कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**(माननीय मंत्रीजी स्कूल शिक्षा एवं पदेन अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित)**

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

पृ.क्रमांक/परीक्षा/2015/116 भोपाल, दिनांक 28-2-2015

प्रतिलिपि :–

01. निज सचिव, माननीय मंत्रीजी स्कूल शिक्षा एवं पदेन अध्यक्ष म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् भोपाल की ओर सूचनार्थ।
02. कलेक्टर जिला बालाघाट।
03. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बालाघाट।
04. प्रभारी अधिकारी, सतर्कता कक्ष कार्यालयीन।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद

(पूर्व – म.प्र. राज्य ओपन स्कूल)
स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755-2559943
Fax No. : 0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/परीक्षा2015/119 भोपाल, दिनांक 28-2-2015

प्रति,

प्राचार्य,
शा.बा.उ.मा.वि. बैहर
जिला– बालाघाट

विषय : परीक्षा केन्द्र 37022 सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट पर हाईस्कूल विषय हिन्दी (201) की पुनः परीक्षा आयोजित करने संबंधी।

---------//00//----------

विषयांतर्गत परीक्षा केन्द्र 37022 सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट पर आपके अध्ययन केन्द्र के छात्र/छात्राओं के द्वारा विभिन्न विषयों की परीक्षाएं दी गई है। सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट के केन्द्राध्यक्ष के द्वारा इस कार्यालय में प्रेषित पत्र के अनुसार त्रुटिवश कक्षा 10 वीं के विषय हिन्दी (201) की परीक्षा पूर्व के प्रश्न–पत्रों से संपन्न कराई गई है जबकि पुनः भेजे गये प्रश्न–पत्रों से परीक्षा संपन्न कराना था। उपरोक्त के क्रम में निर्णयानुसार उक्त केन्द्र पर दिनांक 08.02.2015 को आयोजित हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा को निरस्त करते हुए पुनः दिनांक 08.03.2015 दिन रविवार को समय प्रातः 09:30 बजे से हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा, परीक्षा केन्द्र 37022 सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट पर आयोजित की जावेगी।

अतः आपके अध्ययन केन्द्र हाईस्कूल हिन्दी विषय के समस्त छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार पुनः आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित् करें। पुनः आयोजित परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने वाले छात्र/छात्राओं को हिन्दी विषय (201) में अनुपस्थित मानते हुए परीक्षाफल घोषित किया जायेगा।

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

पृ.क्रमांक/परीक्षा/2015/120 भोपाल, दिनांक 28-2-2015

प्रतिलिपि :–

जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बालाघाट की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार परीक्षा केन्द्र 37022 सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट पर दिनांक 08.03.2015 को हाईस्कूल हिन्दी (201) की पुनः परीक्षा आयोजित कराने हेतु कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत परीक्षा केन्द्राध्यक्ष नियुक्त कर निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा संपन्न करवाने हेतु समुचित कार्यवाही करें।

sd/-
संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद

(पूर्व – म.प्र. राज्य ओपन स्कूल)
स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755 - 2559943
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com


क्रमांक/परीक्षा/2014/ 117 भोपाल, दिनांक 28·2-2015

प्रति,

कलेक्टर,
जिला – बालाघाट

विषय : परीक्षा केन्द्र 37022 सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट पर दिनांक 08.03.2015 को हाईस्कूल हिन्दी (201) की परीक्षा संपन्न कराने बाबत्।

-------//✦//-------

सादर अनुरोध है कि 37022 सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट सेन्टर पर केन्द्राध्यक्ष श्री संतोष खांडेकर द्वारा निरस्त प्रश्न–पत्र से हाईस्कूल विषय हिन्दी की परीक्षा संपन्न करवा दी गई है जबकि उनके पास नवीन मुद्रित प्रश्न–पत्र प्राप्त थे। म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् भोपाल के अध्यक्ष एवं माननीय मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उक्त सेन्टर पर पुनः नवीन प्रश्न–पत्र मुद्रित करवाकर दिनांक 08.03.2015 को हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न करवाने हेतु अनुमोदन दिया हैं।

उक्त सेन्टर पर आपके स्तर से योग्य व्यक्ति केन्द्राध्यक्ष के रूप में नियुक्त कर परीक्षा संपन्न करवाने सुनिश्चित् करने की कृपा करें।

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

पृ.क्रमांक / परीक्षा / 2015 / 118 भोपाल, दिनांक 28·2-2015

प्रतिलिपि :–

01. पुलिस अधीक्षक, जिला बालाघाट की ओर साद सूचनार्थ।
02. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बालाघाट की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार परीक्षा संपन्न करवाने हेतु समुचित कार्यवाही करें एवं पर्याप्त प्रचार प्रसार करें जिससे कोई भी छात्र परीक्षा से वंचित न रहे।
03. प्राचार्य, सरस्वती उ.मा.वि. बालाघाट की ओर भेजकर लेख है कि दिनांक 08.03.2015 को परीक्षा संपन्न करवाने हेतु समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवायें।

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल